पाठ ८ : चींटी और कबूतर

I नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. पानी में गिरने पर चींटी क्यों घबरा गई ?

→ पानी में गिरने पर चींटी इसलिए घबरा गई क्योंकि उसे तैरना नहीं आता था। वह डर गई कि कहीं वह इस बहते पानी में डूब न जाए।

ख. कबूतर ने चींटी को कैसे बचाया ?

→ कबूतर ने चींटी की करुण पुकार सुन ली थी। उसने पेड़ से एक पत्ता तोड़ा और तेज़ी से बहती चींटी के पास फेंक दिया। चींटी जब पत्ते पर चढ़ गई तो कबूतर ने पत्ते को अपनी चोंच में दबाकर बाहर निकाल लिया। इस तरह अपनी सूझ-बूझ से कबूतर ने चींटी को बचा लिया।

ग. पत्तों में छिपा कबूतर क्या सोच रहा था ?

→ पत्तों में छिपा कबूतर यह सोच रहा था कि चींटी ने ज़रूर शिकारी को काटा होगा, जिसके कारण शिकारी का निशाना चूक गया और मेरे प्राण बच गए। वह मन ही मन चींटी की बुद्धि की प्रशंसा करने लगा।

घ. चींटी ने कबूतर को क्या सीख दी ?

→ चींटी ने कबूतर से यह कहा कि जब हम दूसरों का

भला करते हैं तो हमारा भी भला होता है। जिस तरह कबूतर ने चींटी के कठिन समय में उसका साथ दिया था, उसी तरह चींटी ने भी कबूतर की मदद की और उसके प्राण बच गए।

II. प्रत्येक के लिए दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

क. झरना - जलप्रपात, निर्झर
ख. पेड़ - वृक्ष, तरु
ग. पत्ता - पत्र, पात
घ. सदा - हमेशा, सदैव
ङ. शाम - संध्या, साँझ
च. पानी - जल, नीर

III दिए गए शब्द-युग्मों को सही स्थान पर लिखिए।

रात-दिन, धीर-अधीर, आगे-पीछे, घास-पात, अच्छा-बुरा, चमक-दमक, भाग-दौड़, आस-पास

विपरीत अर्थवाले	मिलते-जुलते अर्थवाले
क. रात-दिन	आस-पास
आगे-पीछे	भाग-दौड़
अच्छा-बुरा	घास-पात
धीर-अधीर	चमक-दमक

IV नीचे दिए गए वाक्यों में क्रियाविशेषण शब्द चुनकर लिखिए।

क. चींटी धीरे-धीरे झरने पर आई।
धीरे-धीरे → क्रियाविशेषण

ख. कबूतर ने चींटी के पास पत्ता तेज़ी से फेंका।
तेज़ी से → क्रियाविशेषण

ग. एक शिकारी उसी जगह पर आया।
उसी जगह → क्रियाविशेषण

घ. कबूतर शाम को चींटी से मिलने आया।
शाम को → क्रियाविशेषण।

V पृष्ठ 53 में दिए गए 'शब्द-अर्थ' को याद करके कॉपी में लिखिए।

VI अभ्यास पुस्तिका से-

पृष्ठ 23 से क्रमांक संख्या 2, 3 और 4 पुस्तक में करवाए जाएँगे।

Work Book → Ch-7 → चींटी और कबूतर

2. पर्यायवाची शब्दों के जोड़े बनाकर लिखो—

दिवस	पत्ता	जिंदा	काम	पानी	शुक्रिया
पाँव	शाम	जल	जीवित	सायं	
कार्य	पैर	पत्र	धन्यवाद	दिन	

दिवस	दिन	पानी	जल
पत्ता	पत्र	शुक्रिया	धन्यवाद
जिंदा	जीवित	पाँव	पैर
काम	कार्य	शाम	सायँ

3. समान तुकवाले शब्द लिखो—

बचाओ —	उठाओ	धन्यवाद —	साधुवाद
पुकार —	आकार	घबराई —	शरमाई
परेशान —	निशान	बुलाया —	सुलाया

4. पढ़ो, समझो और लिखो—

	विशेषण	विशेष्य (संज्ञा)
प्यासी चींटी	प्यासी	चींटी
करुण पुकार	करुण	पुकार
नुकीली चोंच	नुकीली	चोंच
एक शिकारी	एक	शिकारी
कुछ दिन	कुछ	दिन

तुम सीख चुके हो कि जो शब्द विशेषता बताता है, वह **विशेषण** कहलाता है और जिसकी विशेषता बताई जाए वह **विशेष्य** होता है।

—x—